RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, बुधवार, 23 नवंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारतीय अभियान की अगुवाई करेंगी मीराबाई

पेज - 12

## राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत ऑनलाइन मोड पर किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के कारण सभी गतिविधियां रुक गई थी, इसके बाद सभी का ध्यान हॉलिस्टिक वैलनेस की तरफ आकर्षित हुआ। जिसमें शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास हो, जिससे सभी लोग स्वस्थ और खुशहाल जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय प्राचार्य ने विभिन्न महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से आए हुए सभी शिक्षकों और प्रशासकों का स्वागत करते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा की शिक्षकों का कार्य सिर्फ शिक्षा प्रदान करना और विद्यार्थियों द्वारा अच्छे मार्क्स प्राप्त करना ही नहीं है अपितु आज शिक्षकों का कार्यभार हॉलिस्टिक एजुकेशन है।